आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

आयुष्मान

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत पिछले तीन वर्षों में 67 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते यानि आभा बनाए गए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने डिजिटल हेल्थकेयर मिशन की तीसरी वर्षगांठ पर एक कार्यक्रम में बताया कि मिशन के तहत 42 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड आभा से जोडे गए हैं। इसमें 17 हजार सुविधाओं सहित डिजिटल मिशन से एक लाख तीस हजार से अधिक सुविधाएं जुडी हुई हैं। मंत्रालय ने कहा कि डिजिटल मिशन, स्वास्थ्य देखभाल की उपलब्धता, दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए देश के डिजिटल हेल्थकेयर पारिस्थितिकी तंत्र में क्रांति लाने के उद्देश्य के साथ अपने तीन साल पूरे कर रही है।

आयुष्मान भारत पखवाड़ा

वहीं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के छः साल पूर्ण होने के अवसर पर सिरमौर जिले में स्वास्थ्य विभाग 30 सितंबर तक आयुष्मान भारत पखवाड़े का आयोजन कर रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अजय पाठक ने बताया कि अभियान के तहत जिले की सभी आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों को इस योजना के बारे में जागरूक किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि योजना के माध्यम से जिले में 26 हजार से अधिक लोग लाभान्वित हुए है।

एक पेड मां के नाम

एक पेड मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के तहत देशभर में अब तक 80 करोड से ज्यादा पौधे लगाये जा चुके हैं। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 80 करोड़ पौधे लगाने के महत्वकांक्षी लक्ष्य को सफलता पूर्वक हासिल कर लिया है। मंत्रालय ने इसका श्रेय सरकारी एजेन्सियों, स्थानीय समुदायों और हितधारकों के सहयोगात्मक प्रयास को दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में एक पेड मां के नाम अभियान की शुरूआत की थी।

स्वच्छता ही सेवा

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोलन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने सोलन में कल एक जागरूकता रैली निकाली, जिसमें करीब 80 एन.सी.सी. की छात्राओं ने भाग लिया और लोगो

को स्वच्छता के बारे जागरूक किया। छात्राओं ने लोगो को रैली के माध्यम से स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

कार्निवाल

कांगड़ा ज़िला के धर्मशाला में कांगड़ा वैली कार्निवाल आज से शुरू हो रहा है। 2 अक्तूबर तक चलने वाले इस कार्निवाल का शुभारंभ कृषि मंत्री चंद्र कुमार करेंगे। कार्निवाल के दौरान सांस्कृतिक संध्याओं के माध्यम से कांगड़ा घाटी की संस्कृति से लोगों को रूबरू किया जाएगा। इस कार्निवाल में स्थानीय कलाकारों के अलावा अन्य बॉलीवुड कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस दौरान मिलेटस फेस्टिवल और क्राफ्ट बाज़ार का आयोजन भी किया जाएगा।

बाकी समाचार में अब सुर्खिया समाचार पत्रों से ....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। दैनिक भास्कर का कहना है–मस्जिद विवाद के बीच शिमला में सदभावना मार्च, रिज मैदान पर हिंदू–मुस्लिमों ने ली अमन–शांति की शपथ। अमर उजाला की सुर्खी है–सौहार्द के लिए शिमला में सदभावना मार्च–नगरोटा बंगवा में शिवलिंग तोड़ने पर तनाव। दिव्य हिमाचल के मुताबिक–विक्रमादित्य को पार्टी की लकीर न लांघने के आदेश जबकि पंजाब केसरी का कहना है–कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव से मिले मंत्री विक्रमादित्य सिंह, प्रदेश में उपजे माहौल से करवाया अवगत।

दैनिक जागरण के मुताबिक–हिमाचल में भवन निर्माण होगा महंगा–भवन निर्माण और स्वीकृति का शुल्क पांच गुणा बढ़ेगा, अधिसूचना जारी। दिव्य हिमाचल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से खबर दी है–बिलासपुर में क्रूज, अंदरौली में होंगी वाटर स्पोर्ट्स। दैनिक सवेरा टाइम्स के शब्द हैं–जल क्रीड़ा गतिविधियों को दिया जा रहा व्यापक प्रोत्साहन। आपका फैसला के शब्द हैं–अनुराग ठाकुर बने कोयला, खान और इस्पात मामलों की संसदीय समिति के अध्यक्ष। हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–कोर्ट के फैसले पर 30 दिन के अंदर करना होगा अमल। मौसम पर हिमाचल दस्तक लिखता है–प्रदेश में आज हल्की बारिश कल से खिलेगी चटक धूप। इसके साथ ही ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार।

——————————————